एकेटीयू दैनिक समाचार पत्रों की नजर में

दिनांक
29 मई, 2020

अमर उजाला

केजीएमयू में शुरू हो गई डायग्नोस्टिक टूल से जांच

[illegible]

370

[illegible]

हिन्दुस्तान

एकेटीयू: ऑनलाइन प्री पीएचडी कोर्स शुरू

लखनऊ। एकेटीयू ने पीएचडी का रिसर्च मेथेडोलॉजी कोर्स ऑनलाइन शुरू कर दिया है। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने बताया कि दो चरणों में यह कोर्स शुरू किया जाएगा।

डीन पीजी व रिसर्च प्रो. एमके दत्ता ने बताया कि ऑनलाइन कोर्स के लिए कुल 78 शोधार्थियों ने आवेदन किया था। छात्रों की सुविधा के लिए दो चरणों में कोर्स चलाया जाएगा। इसमें प्रथम चरण के 10 दिवसीय कोर्स में 39 शोधार्थियों को कोर्स करने का अवसर दिया गया है, जो 6 जून तक चलेगा। इस दौरान शोधार्थियों को शोध प्रविधि के विषय में जानकारी दी जाएगी।

दैनिक जागरण

एकेटीयू में रिसर्च मैथेडोलॉजी का कोर्स शुरू

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि (एकेटीयू) में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में पीएचडी पाठ्यक्रम का रिसर्च मैथेडोलॉजी का कोर्स ऑनलाइन के माध्यम से शुरू किया गया। डीन पीजीएसआर प्रो. एमके दत्ता ने बताया कि इस ऑनलाइन कोर्स के लिए कुल 78 शोधार्थियों ने आवेदन किया था। कोर्स को दो चरणों में कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में प्रथम चरण के 10 दिवसीय कोर्स में 39 शोधार्थियों को कोर्स करने का अवसर दिया गया है। यह कोर्स 6 जून, 2020 तक चलेगा। इस दौरान शोधार्थियों को शोध प्रविधि के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्री-पीएचडी कोर्स के अंत में ऑनलाइन लिखित एवं मौखिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शोधार्थियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि महामारी के दौर में पीएचडी पाठ्यक्रम की आरडीसी की बैठक ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित करवाई जाएगी। शोधार्थी की प्रगति आख्या विवि के ईआरपी पोर्टल के माध्यम से हासिल कर ली गई है।

अमर उजाला

एकेटीयू : रिसर्च मैथेडोलॉजी का ऑनलाइन कोर्स शुरू

[illegible]

पायनियर

एकेटीयू में ऑनलाइन रिसर्च मैथेडोलॉजी कोर्स

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा गुरुवार को विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में पीएचडी पाठ्यक्रम का रिसर्च मैथेडोलॉजी का कोर्स ऑनलाइन माध्यम से प्रारंभ किया गया। इस ऑनलाइन कोर्स के लिए कुल 78 शोधार्थियों ने आवेदन किया था।डीन पीजीएसआर प्रो एमके दत्ता ने बताया कि कोर्स को दो चरणों में सम्पादित करने का निर्णय लिया गया है। इसके क्रम में प्रथम चरण के 10 दिवसीय कोर्स में 39 शोधार्थियों को कोर्स करने का अवसर दिया गया है। यह कोर्स 6 जून, 2020 तक चलेगा।

नवभारत टाइम्स

एकेटीयू :रिसर्च मैथेडॉलजी का ऑनलाइन कोर्स शुरू

■ एनबीटी, लखनऊ: एकेटीयू में पीएचडी पाठ्यक्रम का रिसर्च मैथेडॉलजी का ऑनलाइन कोर्स शुरू कर दिया गया है। डीन पीजीएसआर प्रो. एमके दत्ता ने बताया कि इस ऑनलाइन कोर्स के लिए कुल 78 शोधार्थियों ने आवेदन किया था। कोर्स दो चरणों में पूरा होगा। प्रथम चरण के 10 दिवसीय कोर्स में 39 शोधार्थी शामिल होंगे। यह कोर्स छह जून तक चलेगा।

प्रो. एमके दत्ता ने बताया कि कोर्स में शोधार्थियों को शोध प्रविधि के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस प्री-पीएचडी कोर्स के अंत में ऑनलाइन लिखित और मौखिक परीक्षा होगी। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शोधार्थियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

प्रभात

एकेटीयू में रिसर्च मैथेडोलॉजी का ऑनलाइन कोर्स शुरू

[illegible]

जागरण आई नेक्स्ट

एकेटीयू में शुरू हुआ ऑनलाइन पीएचडी कोर्स

LUCKNOW(28 MAY, inext): एकेटीयू वीसी प्रो. विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में पीएचडी का रिसर्च मैथेडोलॉजी का ऑनलाइन कोर्स शुरू किया गया है. फर्स्ट राउंड के 10 दिन के कोर्स में 39 रिसर्च स्कॉलर को कोर्स करने का मौका दिया गया है. यह कोर्स 6 जून तक चलेगा. कोर्स के अंत में ऑनलाइन एग्जाम कराया जाएगा और पास होने वालों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा.

वॉयस ऑफ लखनऊ

एकेटीयू मे शुरू हुआ ऑनलाइन प्री-पीएचडी कोर्स

वरिष्ठ संवाददाता (VOL)

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि (एकेटीयू) ने विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में पीएचडी पाठ्यक्रम का रिसर्च मैथेडोलॉजी का कोर्स ऑनलाइन गुरुवार को शुरू किया।

डीन पीजीएसआर प्रो. एमके दत्ता ने बताया कि इस ऑनलाइन कोर्स के लिए कुल 78 शोधार्थियों ने आवेदन किया था। कोर्स को दो चरणों में सम्पादित करने का निर्णय लिया गया है। इसके क्रम में प्रथम चरण के 10 दिवसीय कोर्स में 39 शोधार्थियों को कोर्स करने का अवसर दिया गया है। यह कोर्स 6 जून तक चलेगा। इस दौरान शोधार्थियों को शोध प्रविधि के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्री-पीएचडी कोर्स के अंत में ऑनलाइन लिखित और मौखिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शोधार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौर में पीएचडी पाठ्यक्रम की आरडीसी की बैठक ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित करवाई जाएगी। इस क्रम में शोधार्थियों की प्रगति आख्या विवि के ईआरपी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर ली गयी है। जल्द ही ऑनलाइन आरडीसी की बैठक की समय सूची जारी की जाएगी। साथ ही प्रो दत्ता ने बताया कि जिन शोधार्थियों को पिछली आरडीसी की बैठक में शोध प्रबंध जमा करने की संस्तुति प्रदान की गयी थी, उन शोधार्थियों को ऑनलाइन थीसिस जमा करने के लिए अवसर प्रदान करने की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही शोधार्थियों की पीएचडी वाईवा ऑनलाइन के माध्यम से करवाए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय सहारा

एकेटीयू ने ऑनलाइन जारी किया रिसर्च मैथेडोलॉजी कोर्स

6 जून तक ही चलेगा कोर्स

लखनऊ (एसएनबी)। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में [illegible] को पीएचडी पाठ्यक्रम का रिसर्च मैथेडोलॉजी का कोर्स ऑनलाइन माध्यम से जारी किया।

डीन पीजीएसआर प्रो एमके दत्ता ने बताया कि इस ऑनलाइन कोर्स के लिए कुल 78 शोधार्थियों ने आवेदन किया था। कोर्स को दो चरणों में सम्पादित करने का निर्णय लिया है। इसके क्रम में प्रथम चरण के 10 दिवसीय कोर्स में 39 शोधार्थियों को कोर्स करने का अवसर दिया है, यह कोर्स 6 जून, 2020 तक चलेगा, इस दौरान शोधार्थियों को शोध प्रविधि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस प्रीपीएचडी कोर्स के अंत में ऑनलाइन लिखित एवं मौखिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शोधार्थियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। मीडिया प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौर में पीएचडी पाठ्यक्रम की आरडीसी की बैठक ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित करवाई जाएगी। इस क्रम में शोधार्थियों की प्रगति आख्या विवि के ईआरपी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर ली गयी है।

जल्द ही ऑनलाइन आरडीसी की बैठक की समय सूची जारी की जाएगी। जिन शोधार्थियों को पिछली आरडीसी की बैठक में शोध प्रबंध जमा करने की संस्तुति प्रदान की गयी थी उन शोधार्थियों को ऑनलाइन थीसिस जमा करने हेतु अवसर प्रदान करने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही शोधार्थियों की पीएचडी वाईवा ऑनलाइन के माध्यम से करवाया जा रहे हैं।